BSA
BROADCASTING STANDARDS AUTHORITY
TE MANA WHANONGA KAIPĀHO

## प्रसारण मानक

# मानक का चयन करना

## कौन सा मानक मेरी चिन्ताओं के लिए उपयुक्त है?

प्रसारण मानकों की संहिता यह बताती है कि जब ब्रॉडकास्टरों (प्रसारकों) को रेडियो पर फ्री-टू -एयर TV या पेटीवी कार्यक्रमों का प्रसारण करना होता है, तो उनके लिए क्या आवश्यकताएं होती हैं।

अपनी शिकायत करते समय, आपको उन मानकों को चुनने की आवश्यकता है जो आपकी चिंताओं के लिए सबसे उपयुक्त हों - प्राधिकरण ऐसे किसी भी मानक पर विचार नहीं करेगा जो लागू नहीं होते और आप प्रक्रिया में बाद के चरण में मानकों को बदल या जोड़ नहीं सकते हैं।

सब से अधिक उपयुक्त मानदण्ड(मानदण्डों) का चयन करने में आपकी सहायता हेतु निम्नलिखित स्पष्टीकरण को देखें।

---

### आपत्तिजनक और परेशान करने वाली सामग्री

यह मानक निम्न से संबंधित है:

- वे प्रसारण जिनमें यौन सामग्री, नग्नता, हिंसा या अभद्र भाषा, अथवा अन्य सामग्री होती है जिसके अपराध या संकट का कारण बनने की संभावना होती है
- वर्गीकरण, टाइमबैंड (समय सीमा) और सलाह (चेतावनी समेत) तथा उचित समय-निर्धारण का सही उपयोग।

### बाल हित

दर्शकों के रूप में बच्चों से संबंधित है, प्रतिभागियों के रूप में नहीं। यह मुख्य रूप से बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों से संबंधित है, जैसे कि चेतावनियों, वर्गीकरणों और समय-निर्धारण (जैसे कि बच्चों के सामान्य देखने या सुनने के समय के दौरान या उससे बाहर) के उपयोग के माध्यम से।

### अवैध या असामाजिक व्यवहार को बढ़ावा देना

उन प्रसारणों से संबंधित है जो ऑडियंस (जिसमें दर्शक और श्रोता दोनों शामिल हैं) को कानून तोड़ने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं या अन्यथा अवैध अथवा गंभीर असामाजिक व्यवहार (जैसे यौन हिंसा, आत्महत्या, या मादक द्रव्यों के सेवन) को बढ़ावा देने की संभावना है। इसमें शराब का सामाजिक रूप से जिम्मेदार तरीके से प्रचार करने जैसी आवश्यकताएं शामिल हैं।

### भेदभाव व अपमान

केवल समुदाय के निर्दिष्ट वर्गों पर निर्देशित भेदभाव/बदनामी पर लागू होता है, व्यक्तियों पर नहीं। उल्लंघन को सिद्ध करने के लिए आमतौर पर उच्च स्तर की निंदा जरूरी होती है। नकारात्मक रूढ़ियों को मजबूत करने या एम्बेड (निहित) करने का प्रभाव डालने वाली प्रसारण सामग्री पर भी विचार किया जा सकता है।

### संतुलन

केवल समाचारों, वर्तमान मामलों या तथ्यात्मक प्रोग्रामिंग पर लागू होता है जो सार्वजनिक महत्त्व के किसी विवादग्रस्त मुद्दे पर विचार-विमर्श करते हैं। प्रसारकों को महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए उचित प्रयास करना चाहिए जब तक कि दर्शकों को अन्य मीडिया कवरेज से महत्वपूर्ण दृष्टिकोणों के बारे में पता होने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

### सटीकता

केवल समाचारों, वर्तमान मामलों अथवा तथ्यात्मक प्रोग्रामिंग पर लागू होता है। कार्यक्रम 'तथ्य के महत्वपूर्ण बिंदुओं' के संबंध में सटीक होना चाहिए और गुमराह नहीं करना चाहिए। प्रसारकों को उचित अवधि के भीतर तथ्य की महत्वपूर्ण त्रुटियों को ठीक करने की आवश्यकता होती है।

### गोपनीयता

केवल प्रसारण में दिखाए पहचान-योग्य व्यक्तियों अथवा सीधे तौर पर उससे प्रभावित होने वाले व्यक्तियों पर लागू होता है। मुख्य मुद्दों में सम्मिलित हैं कि क्या किसी व्यक्ति को गोपनीयता की उपयुक्त आशा थी, क्या किसी निजी जानकारी का खुलासा किया गया था या खुलासा अथवा अतिक्रमण बहुत अपमानजनक था।

### न्याय

किसी कार्यक्रम में भाग लेने या संदर्भित करने वाले व्यक्तियों या संगठनों के प्रति न्याय से संबंधित है। मुख्य मुद्दों में शामिल हैं सूचित सहमति, सूचित सम्मिलन एवं टिप्पणी हेतु उपयुक्त अवसर मिलना।